दयाल सिंह कॉलेज करनाल में हैंड होल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 3 अक्तूबर 2023 को दयाल सिंह कॉलेज करनाल में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन परिषद द्वारा हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के साथ एक हैंड होल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गत महीने हुए एम.ओ.यू. के अंतर्गत एन.ए.ए.सी. की गुणवत्ता प्रत्यायन एवं आश्वासन प्रक्रिया में परस्पर सहयोग देने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाल सिंह महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर आशिमा गक्कर तथा आइ.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉक्टर सुशील गोयल जी ने की। हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद से वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉक्टर सुषमा हुड्डा, श्रीमती अंजू, डॉक्टर प्रियंका साहनी, डॉक्टर रचना दलाल व श्रीमती सुनीता ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभी सदस्यों ने दयाल सिंह महाविद्यालय के पुस्तकालय, खेल के मैदान, कंप्यूटर लैब, वाणिज्य लैब, गणित लैब, लैंग्वेज लैब, भौतिक लैब व रसायन लैब इत्यादि का भ्रमण किया तथा वहां के प्रभारियों से गुणवत्ता को सुधारने के लिए विचार विमर्श किया। इसके साथ ही आइ.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉक्टर सुशील गोयल के साथ सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श भी किया गया। दोनों महाविद्यालय के सदस्यों ने भविष्य में संयुक्त रूप से होने वाली गतिविधियों के लिए भी विचार सांझा किए।

शनिवार • 07.10.2023
amarujala.com/jind

दयाल सिंह कॉलेज का किया भ्रमण

जींद। दयाल सिंह कॉलेज करनाल में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन परिषद की ओर से हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के साथ एक हैंड होल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाल सिंह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशिमा गक्कर और आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुशील गोयल ने की। हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद से वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सुषमा हुड्डा, अंजू, डॉ. प्रियंका साहनी व रचना दलाल ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभी सदस्यों ने दयाल सिंह महाविद्यालय के पुस्तकालय, खेल के मैदान, कंप्यूटर लैब, वाणिज्य लैब, गणित लैब, लैंग्वेज लैब, भौतिक लैब व रसायन लैब का भ्रमण किया तथा वहां के प्रभारियों से गुणवत्ता को सुधारने के लिए विचार विमर्श किया। इसके साथ ही आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुशील गोयल के साथ सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। संवाद